वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 296
ISBN 978-93-82071-25-9

नवदेवता विधान

– रचयित्री –

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी

शरदपूर्णिमा महोत्सव, 11 अक्टूबर 2011 को जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में
पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा घोषित
''प्रथम पट्टाचार्य श्री वीरसागर वर्ष'' के अन्तर्गत प्रकाशित

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.-250404
फोन नं.- (01233) 280184, 280994
Website : www.jambudweep.org
E-mail : jambudweeptirth@gmail.com

COURTESY—JAIN BOOK DEPOT
C/o Shri Nabhi Kumar Manav Kumar Jain
C-4, Opp. PVR Plaza, Cannaught Place, New Delhi-1
Ph.-011-23416101-02-03/Website : www.jainbookdepot.com

द्वितीय संस्करण	वीर नि. सं. 2538	मूल्य
1100 प्रतियाँ	द्वि. भाद्रपद शुक्ला 4	32/-रु.

दशलक्षण महापर्व-19 सितम्बर 2012

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएं भी प्रकाशित होती रहती हैं।

-: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :-

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी

-: मार्गदर्शन :-

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी

-: निर्देशक एवं सम्पादक :-

कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी जी

-: प्रबंध सम्पादक :-

बाल ब्र. जीवन प्रकाश जैन

विधान रचना काल-ईसवी सन् 1987
प्रथम संस्करण सन् 2008-1100 प्रतियाँ

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

सम्पादकीय

–कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी

नव देवताओं की जो नित आराधना करें।
वे मृत्युराज की भी तो विराधना करें।।
मैं कर्मशत्रु जीतने के हेतु ही जजूँ।
सम्पूर्ण ''ज्ञानमती'' सिद्धि हेतु ही भजूँ।।

प्रतिदिन पूजन करने वाले भक्तजन यह अच्छी तरह से जानते हैं कि ये सारगर्भित पंक्तियाँ पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित ''नवदेवता पूजन'' की हैं। अनेकानेक पूजाओं की रचना करने के साथ ही पूज्य माताजी ने अब तक लगभग 40 विधानों की रचना की है और सभी विधान एक से बढ़कर एक महिमाशाली हैं, सभी में शब्दों को मोतियों की भाँति पिरोया गया है।

इसी शृँखला में यह ''नवदेवता विधान'' आपके हाथ में है। इस विधान को पूज्य माताजी ने वीर निर्वाण संवत् 2513 में रचा था, जिसके उपरांत वीर निर्वाण संवत् 2534 में इसके प्रथम संस्करण के प्रकाशन का योग आया है। पूज्य माताजी द्वारा रचित साहित्य को हमें वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला से प्रकाशित करने में अत्यन्त गौरव का अनुभव होता है। हम आज साहित्य का लेखन नहीं कर सकते, बड़े-बड़े पुराण-ग्रंथों को पढ़ नहीं सकते तो कम से कम पूज्य माताजी द्वारा लिखे गए साहित्य को प्रकाशित करवाकर उसे दूसरों तक पहुँचा तो सकते हैं, पता नहीं कब, किस कृति के द्वारा किस भव्यप्राणी की आत्मा का कल्याण हो जाता है!

आज भी दुनिया में ऐसे बहुत लोग हैं जो साहित्य को पढ़ने में रुचि रखते हैं, खासकर पूजा-विधानों की अधिक मांग रहती है। पूज्य माताजी द्वारा रचित अन्य विधानों की भांति यह ''नवदेवता विधान'' भी सभी के मनोरथों की सिद्धि करने के साथ-साथ कर्मनिर्जरा में निमित्त बने, यही मंगलभावना है।

प्रस्तावना

–ब्र. कु. सारिका जैन (संघस्थ)

अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, जिनधर्म, जिनागम, जिनचैत्य और जिनचैत्यालय, ये नवदेवता माने जाते हैं। ये नवदेवता महान पूज्य होते हैं, इनकी आराधना, पूजा आदि करने से भव्यप्राणियों को महान पुण्य का बंध होता है।

ये नवदेवता ढाई द्वीपों में रहते हैं अर्थात् जम्बूद्वीप, पूर्वधातकीखण्डद्वीप, पश्चिम धातकीखण्डद्वीप, पूर्व पुष्करार्धद्वीप और पश्चिम पुष्करार्धद्वीप ये ढाईद्वीप कहे जाते हैं, इनमें नवदेवता विद्यमान रहते हैं।

कई वर्षों पूर्व पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने ''नवदेवता पूजन'' की रचना की थी, तब से आज तक वह नवदेवता पूजन देश के लगभग हर जिनमंदिर में भक्तगण करते आ रहे हैं, उसकी पंक्तियाँ वास्तव में बहुत ही सारगर्भित हैं–

नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।

इसी शृँखला में पूजन-विधानों की अगली कड़ी के रूप में पूज्य माताजी ने दो ''नवदेवता विधान'' की रचना की, एक नवदेवता विधान (वृहत्) और दूसरा नवदेवता विधान (लघु), उसमें से यह लघु नवदेवता विधान आपके हाथों में है।

इस विधान में सर्वप्रथम नवदेवता पूजन है पुनः ढाईद्वीप संबंधि नवदेवताओं की पृथक्-पृथक् पाँच पूजाएँ हैं जैसे-जम्बूद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा, पूर्व धातकीखण्डद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा, पश्चिम धातकीखण्डद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा, पूर्व पुष्करार्धद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा एवं पश्चिम पुष्करार्धद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा, इस प्रकार इस विधान में कुल छह पूजाएँ हैं। नवदेवता पूजा के अतिरिक्त बाकी 5 पूजाओं में 34-34 अर्घ्य एवं 3-3 पूर्णार्घ्य हैं। इस प्रकार 34+34+34+34+34=170 अर्घ्य तथा 3+3+3+3+3=15 पूर्णार्घ्य हैं, 5 जयमाला के अर्घ्य हैं पुनः बड़ी जयमाला एवं विधान की प्रशस्ति है।

श्रावक के छह कर्तव्यों में से दो प्रमुख कर्तव्य हैं–दान और पूजा, जिन्हें समय-समय पर करते रहना श्रावकों की नैतिक जिम्मेदारी है।

अगर विचार करके देखा जाए तो पूजा करने में ही श्रावकों के पाँच अन्य कर्तव्यों का भी एकदेशरूप से परिपालन हो जाता है। जैसे-देवपूजा करने के साथ ही आचार्य-उपाध्याय-साधु आदि गुरुओं की भी पूजा कर लेते हैं, पूजन की पंक्तियों के माध्यम से स्वाध्याय भी हो जाता है, जितनी देर श्रावक पूजा करते हैं, उतनी देर निराकुलता से बैठने में संयम का परिपालन हो जाता है। भूख-प्यास की बाधा पूजनपर्यन्त सहन करना, यह एक प्रकार का तप है तथा विधान-पूजन में सामग्री आदि चढ़ाने से दान देने का पुण्य प्राप्त हो जाता है अतः प्रत्येक श्रावक को नित्यप्रति पूजन अवश्य करनी चाहिए।

विधान की प्रारंभिक नवदेवता वंदना की अंतिम दो पंक्तियाँ विशेष दृष्टव्य हैं-

जो वंदें नवदेवता, त्रिकरणशुचि त्रयकाल।
वे पावें नवलब्धियाँ, होवें मालामाल।।

आसानी से समझ में आ जाने वाली इन दो पंक्तियों में ही पूज्य माताजी ने कितना सार भर दिया है।

विधान की प्रशस्ति पढ़ने पर यह ज्ञात होता है कि पूज्य माताजी ने इस विधान की रचना वी. नि.सं. 2513 में की थी, अन्य किन्हीं विशेष कारणों से इसका प्रकाशन नहीं हो सका। पश्चात् वीर निर्वाण संवत् 2534 अर्थात् सन् 2008 में इसका प्रथम संस्करण प्रकाशित किया गया पुनः अब इसका लगातार प्रकाशन किया जा रहा है। इसके माध्यम से हम एक ही स्थान पर बैठे-बैठे ढाईद्वीपों में विराजमान सभी पूज्य नवदेवताओं की भक्तिपूजा करके महान पुण्य का संचय कर सकते हैं।

इस विधान को करके सभी श्रद्धालुभक्तगण अपने मनोवांछित कार्यों की सिद्धि करें, यही मंगलकामना है।

राष्ट्रगौरव, गणिनीप्रमुख, आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी का संक्षिप्त-परिचय

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

भारत की वसुन्धरा सदैव से तपस्या, त्याग एवं संयम की भूमि रही है। भगवान ऋषभदेव, राम, महावीर की यह भूमि आज भी ऐसे महान व्यक्तित्वों से सुशोभित है कि जो अपने जीवन में ही ऐतिहासिक बन जाते हैं।

ऐसा ही एक महान व्यक्तित्व है– वर्तमान दिगम्बर जैन समाज की सबसे प्राचीन दीक्षित साध्वी-पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी। सन् 1934 में शरदपूर्णिमा के दिन जिला बाराबंकी (उ.प्र.) के टिकैतनगर ग्राम में माता मोहिनी एवं पिता श्री छोटेलाल जैन के दाम्पत्य जीवन के प्रथम पुष्प के रूप में कन्यारत्न 'मैना' का जन्म हुआ। छोटी सी आयु से ही अपनी माँ की प्रेरणावश जैन ग्रंथों के स्वाध्याय द्वारा इस बालिका ने अपने वैराग्य को भलीभाँति दृढ़ कर लिया और 18 वर्ष की अल्प आयु में शरदपूर्णिमा के दिन ही परिवार के प्रबल विरोध के बावजूद भी आजन्म ब्रह्मचर्यव्रत एवं गृहत्याग के कठिन नियम धारण कर लिये। सन् 1953 में श्री महावीर जी (राज.) अतिशय क्षेत्र पर आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से आपने क्षुल्लिका दीक्षा लेकर 'वीरमती' नाम प्राप्त किया। पुनः 1956 में बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य चारित्रचक्रवर्ती श्री शांतिसागर जी महाराज की आज्ञानुसार उनके प्रथम पट्टाधीश शिष्य आचार्यश्री वीरसागर जी महाराज से माधोराजपुरा (राज.) में आपने आर्यिका दीक्षा लेकर 'ज्ञानमती' नाम प्राप्त किया। ज्ञान प्राप्ति हेतु अध्ययन-अध्यापन एवं स्वाध्याय के प्रति आपकी विशेष अभिरुचि देखकर ही गुरुवर ने आपको यह नाम प्रदान किया था। दीक्षा के प्रारंभिक वर्षों में आपने सर्वप्रथम संस्कृत व्याकरण एवं जैन आगम का तलस्पर्शी ज्ञान प्राप्त किया तथा साथ ही सहस्रनाम मंत्रों की रचनापूर्वक अपनी लेखनी का शुभारंभ भी कर दिया।

60 वर्षों से साधनारत इन महान साध्वी ने अब तक 250 से भी अधिक ग्रंथों का सृजन किया है। संस्कृत, हिन्दी, प्राकृत, कन्नड़ इत्यादि भाषाओं की प्रकाण्ड विदुषी पूज्य माताजी की काव्य प्रतिभा भी अद्वितीय है। जिनेन्द्र भक्ति के रस से भरे हुए न जाने कितनेही पूजन-विधानों की रचना पूज्य माताजी ने अपनी लेखनी द्वारा की है। सन् 1995 में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय (फैजाबाद) ने पूज्य माताजी की विराट ज्ञान साधना को देखकर जैन इतिहास में प्रथम बार किसी साध्वी को 'डी.लिट्.' की मानद् उपाधि प्रदान की। पुनः इसके उपरांत 8 अप्रैल 2012 को पूज्य माताजी के 57वें आर्यिका दीक्षा दिवस के अवसर पर तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में विश्वविद्यालय का प्रथम विशेष दीक्षांत समारोह आयोजित करके विश्वविद्यालय द्वारा पूज्य माताजी के करकमलों डी.लिट्. की मानद उपाधि प्रदान की गई।

कर्मठता, दृढ़संकल्प, अनुशासन के साथ-साथ वात्सल्य की प्रतिबिम्ब पूज्य माताजी की प्रेरणा से कौरवों-पाण्डवों की राजधानी हस्तिनापुर (मेरठ-उ.प्र.) में जैन भूगोल की अद्वितीय रचना-'जम्बूद्वीप' का निर्माण हुआ है।

प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की दीक्षा एवं केवलज्ञान कल्याणक भूमि-प्रयाग (इलाहाबाद) में 'तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ' का भव्य निर्माण भी पूज्य माताजी की अनुशक्ति का ही सुन्दर प्रतिफल है। इसी प्रकार भगवान महावीर जन्मभूमि-कुण्डलपुर (नालंदा) में नंद्यावर्त महल तीर्थ का भव्य निर्माण पूज्य माताजी की प्रेरणा एवं ससंघ सानिध्य में मात्र 22 माह के अल्प अन्तराल में हुआ है।

2600 वर्ष पूर्व कुण्डलपुर (नालंदा) की जो धरती अहिंसा के अवतार भगवान महावीर के जन्मकल्याणक से महान उत्साह एवं हर्ष को प्राप्त हुई थी वह काल के थपेड़ों से भले ही विस्मृत जैसी हो गयी हो, परन्तु जैन समाज के श्रद्धालुओं का वहाँ जाना हमेशा से जारी रहा और अब पूज्य ज्ञानमती माताजी के महान उपकार स्वरूप यह जन्मभूमि पुनः इस प्रकार जगमगा उठी है कि आने वाला भविष्य सदैव इसकी चमक से प्रभावित रहेगा।

पूज्य माताजी की प्रेरणा से जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति (1982) एवं भगवान ऋषभदेव समवसरण श्रीविहार रथ (1998) का देशव्यापी प्रवर्तन सम्पन्न हुआ एवं कुण्डलपुर से प्रवर्तित भगवान महावीर ज्योति रथ (2003) का प्रवर्तन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। इन रथों के द्वारा सम्पूर्ण भारत में अहिंसामयी सिद्धान्तों की व्यापक प्रभावना हुई।

शैक्षणिक क्षेत्र में अनेकानेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ-सेमिनार इत्यादि पूज्य माताजी की प्रेरणा द्वारा समय-समय पर सम्पन्न हुए हैं तथा आज भी हो रहे हैं। पूज्य माताजी के विराट व्यक्तित्व का अभिनंदन करने के लिए समाज ने उन्हें समय-समय पर युगप्रवर्तिका, चारित्रचन्द्रिका, न्याय प्रभाकर, आर्यिकारत्न, गणिनीप्रमुख, युगनायिका, राष्ट्रगौरव, विश्वविभूति, वाग्देवी, भारतभूषण जैसी उपाधियों से सम्मानित करके स्वयं को गौरवान्वित अनुभव किया है। वर्तमान में महाराष्ट्र प्रान्त के मांगीतुंगी पर्वत पर विश्व की सबसे ऊँची 108 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की प्रतिमा का निर्माण पूज्य माताजी की प्रेरणा से हो रहा है।

24 घंटे में एक बार आहार लेकर, केशलोंच एवं पदविहार जैसी कठिन साधना करते हुए ब्रह्मचर्य एवं चारित्र के तेज को सर्वत्र बिखेरने वाली पूज्य ज्ञानमती माताजी भारतीय संस्कृति की महान धरोहर हैं, जिन्होंने 15 अप्रैल 2006 को अपनी आर्यिका दीक्षा के 50 वर्षों को पूर्ण किया है। 21 दिसम्बर 2008 को जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में पूज्य माताजी की प्रेरणा से आयोजित विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन का उद्घाटन भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील के करकमलों से हुआ और सन् 2009 ''शांतिवर्ष'' के रूप में घोषित हुआ। राष्ट्रपति जी ने जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में पधारकर पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

दीर्घकालीन तपस्विनी ऐसी पूज्यनीया माताजी ने सन् 2009 में अपने जीवनके 75 वर्ष पूर्ण किए जिसे सन् 2008 से 2009 तक राष्ट्रीय स्तर पर ''हीरक जयंती महोत्सव वर्ष'' के रूपमें मनाया गया।

वास्तव में आज के कलिकाल में भी आध्यात्मिक ज्ञान, चारित्र, साधना एवं मोक्षपथ को साकार करने वाले गुरुओं का जितना अभिनंदन किया जाये, उतना कम है। जो बिना कुछ कहे अपनी मुद्रा द्वारा ही शांति, संयम, सदाचार का उपदेश देते हैं ऐसे साधु इस भारत वसुन्धरा की शान हैं और हम जैसे जो भी प्राणीगण परमसौभाग्य से उनके चरणों में आश्रय प्राप्त कर लेते हैं, वे भी अपने जीवन को सही अर्थों में सार्थक कर लेते हैं।

ऐसे चतुर्मुखी प्रतिभा की धनी पूज्य माताजी के श्रीचरणों में भावभीना कोटिशः नमन है।

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान का परिचय

–कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी

जिस हस्तिनापुर में इस संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कलाप चल रहे हैं, प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की पारणा, कौरव-पाण्डव की राजधानी, दर्शन प्रतिज्ञा में प्रसिद्ध मनोवती का इतिहास आदि पौराणिक कथानकों से जुड़ी वह हस्तिनापुर नगरी एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है। **सन् 1972** में पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान के नाम से दिल्ली में इस संस्था का जन्म हुआ।

सन् 1974 से हस्तिनापुर में निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और अब तक वहाँ अनेक भव्य रचनाएं, मंदिर, कमरे, फ्लैट, कोठियां, भोजनालय, टंकी आदि बन चुके हैं। निर्माण के अतिरिक्त संस्थान के द्वारा शिक्षा एवं धर्म प्रचार-प्रसार हेतु शिक्षण शिविर, सेमिनार, अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार, सम्मेलन आदि के आयोजन भी होते रहते हैं। पूज्य माताजी एवं आर्यिका श्री चंदनामती माताजी द्वारा लिखित चारों अनुयोगों एवं धर्मप्रभावना के समाचारों से सहित सम्यग्ज्ञान मासिक पत्रिका का प्रकाशन **सन् 1974** से बराबर निर्बाध गति से चल रहा है। संस्थान के अंतर्गत ही **सन् 1972** में स्थापित वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला से **300** से भी अधिक ग्रंथ लाखों की संख्या में प्रकाशित हो चुके हैं। यहां जम्बूद्वीप पुस्तकालय, णमोकार महामंत्र बैंक, गणिनी ज्ञानमती शोधपीठ आदि के द्वारा धार्मिक शैक्षणिक एवं पारमार्थिक कार्यक्रम चलते रहते हैं। सन् 1975 से प्रारंभ पंचकल्याणकों में अब तक अनेक पंचकल्याणक प्रतिष्ठाएं एवं प्रति 5 वर्षों में होने वाले जम्बूद्वीप महामहोत्सव में से 4 महोत्सव हो चुके हैं। इस संस्थान द्वारा जहाँ पूज्य माताजी की प्रेरणा से सन् 1982 में दिल्ली से स्व. प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा उद्घाटित जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति रथ का 1045 दिनों तक सम्पूर्ण भारत में भ्रमण एवं हस्तिनापुर में उसकी अखण्ड स्थापना हुई, सन् 1998 में प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उद्घाटित भगवान ऋषभदेव समवसरण श्रीविहार द्वारा अहिंसामयी सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार हुआ। वहीं भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) से महामहिम राज्यपाल बिहार प्रान्त द्वारा प्रवर्तित **''भगवान महावीर ज्योति''** रथ के भारत भ्रमण से जनमानस भगवान महावीर के विषय में आगमसम्मत ज्ञान से परिचित हुआ है। जम्बूद्वीप स्थल पर समय-समय पर भव्य दीक्षाएं भी सम्पन्न हुई हैं। इसी संस्थान द्वारा दिल्ली के लालकिला मैदान में 4 फरवरी सन् 2000 को प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी द्वारा उद्घाटित ''भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव'' सम्पूर्ण देश एवं विदेशों में मनाया गया। जिसके अंतर्गत अनेक संगोष्ठियाँ, भगवान ऋषभदेव कीर्तिस्तंभ निर्माण आदि कार्यक्रम हुए। सन् 2000-2001 में संस्थान द्वारा पूज्य माताजी की प्रेरणा से भगवान ऋषभदेव की दीक्षा एवं केवलज्ञान भूमि प्रयाग-इलाहाबाद में बनारस हाइवे पर **''तीर्थंकर ऋषभदेव दीक्षातीर्थ''** का नवनिर्माण हुआ है तथा 6 अप्रैल सन् 2001 को ही प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उद्घाटित राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण भारतवर्ष में मनाए जाने वाले भगवान महावीर 2600वाँ जन्मकल्याणक महोत्सव वर्ष में पूज्य माताजी द्वारा रचित ''विश्वशांति महावीर विधान'' का विराट आयोजन प्रथम राष्ट्रीय

आयोजन के रूप में राजधानी दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में अक्टूबर 2001 में सम्पन्न हुआ। उसी जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत सन् 2003-2004 में संस्थान द्वारा पूज्य माताजी की प्रेरणा से भगवान महावीर की जन्मभूमि कुण्डलपुर का विकास कार्य द्रुतगति से हुआ है। ''नंद्यावर्त महल'' नामक तीर्थ परिसर वहाँ का विशेष दर्शनीय स्थल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

कुण्डलपुर विकास संपन्न होने के पहले ही पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने आगामी वर्ष 2005 को ''भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव वर्ष'' के रूप में मनाने का सारे देश को आह्वान किया और प्रेरणा दी। तदुपरांत पूज्य माताजी ससंघ ने कुण्डलपुर से 14 नवम्बर 2004 को भगवान पार्श्वनाथ की जन्मभूमि बनारस के लिए विहार किया और पूज्य माताजी के सानिध्य में बनारस में भगवान पार्श्वनाथ की जन्मजयंती 6 जनवरी 2005 को इस पार्श्वनाथ महोत्सव वर्ष का जोर-शोर के साथ सारे देश की जनता के बीच उत्तरप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री-श्री शिवपाल सिंह यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा उद्घाटन किया गया। इस महोत्सव वर्ष के अंतर्गत सर्वप्रथम लम्बे समय से प्रतीक्षित भगवान श्रेयांसनाथ की जन्मभूमि सिंहपुरी-सारनाथ में उनकी विशाल प्रतिमा का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। तदुपरांत टिकैतनगर में भगवान महावीर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारे उत्तरप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री मुलायम सिंह यादव ने भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर 'पार्श्वनाथ वर्ष' का शुभारंभ किया और भगवान पार्श्वनाथ की वह प्रतिमा ''पार्श्वनाथ दि. जैन इण्टर कालेज'' के परिसर में स्थापित की गई है। इसी श्रृंखला में सारे देश में 3 वर्ष तक भगवान पार्श्वनाथ तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव विविध आयोजनों के साथ मनाया गया, जिसका समापन भगवान पार्श्वनाथ की केवलज्ञान भूमि अहिच्छत्र तीर्थ पर तिखाल वाले बाबा के महामस्तकाभिषेकपूर्वक 4 जनवरी 2008 को हुआ।

21 दिसम्बर 2008 का दिवस संस्थान के लिए विशेष गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक रहा, जब गणतंत्र भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का शुभाशीर्वाद लेने जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर पधारीं और विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस प्रकार आप सबके सहयोग से संचालित हो रहा दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान अपनी चतुर्मुखी योजनाओं से समाज को सदैव लाभान्वित करता रहे यही मंगल कामना है।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के सहयोगी

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान के अन्तर्गत ''वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला'' की स्थापना सन् 1972 में हुई। तब से अब तक लाखों की संख्या में ग्रन्थों का प्रकाशन हो चुका है और निरन्तर हो रहा है। ग्रंथमाला से पाठकों को ग्रन्थ कम कीमत में प्राप्त हो सकें, इस दृष्टि से ग्रन्थमाला में एक संरक्षक योजना अगस्त सन् 1990 से प्रारंभ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत निम्न महानुभाव अब तक संरक्षक बनकर अपना सहयोग प्रदान कर चुके हैं।

शिरोमणि संरक्षक

1. **श्रीमती निर्मला जैन ध.प. स्व. श्री प्रेमचन्द्र जैन, तत्पुत्र प्रदीप कुमार जैन, खारी बावली, दिल्ली-6।**
2. **श्रीमती सुमन जैन ध.प. श्री दिग्विजय सिंह जैन, इंदौर।**
3. **श्री महावीर प्रसाद जैन संघपति, जी-19, साऊथ एक्सटेन्शन, नई दिल्ली।**
4. **श्री महेन्द्र पाल हरेन्द्र कुमार जैन, सूरजमल विहार, दिल्ली।**
5. **श्रीमती मोहनी जैन ध.प. श्री सुनील जैन, प्रीत विहार, दिल्ली।**
6. **श्री देवेन्द्र कुमार जैन (धारूहेड़ा वाले) गुड़गाँव (हरि.)।**
7. **श्रीमती शारदा रानी जैन ध.प. स्व. रिखबचंद जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।**
8. **डॉ. देवेन्द्र कुमार जैन, भोपाल (म.प्र.)**
9. **श्रीमती संगीता जैन ध.प. श्री संजीव कुमार जैन, शेरकोट (बिजनौर) उ.प्र.**
10. **श्री अनिल कुमार जैन, दरियागंज, दिल्ली**
11. **श्री बी.डी. मदनाइक, मुम्बई**
12. **श्री धनकुमार जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।**
13. **श्री जितेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती सुनीता जैन कोटड़िया, फ्लोरिडा, यू.एस.ए.**
14. **श्रीमती विमला देवी जैन ध.प. श्री ओमप्रकाश जैन, स्वालिक नगर, हरिद्वार (उत्तरखंड)।**
15. **श्री अमित जैन एवं संभव जैन सुपुत्र श्रीमती अनीता जैन ध.प. श्री मूलचंद जैन पाटनी, दिसपुर (कामरूप) आसाम।**
16. **श्रीमती अजित कुमारी जैन ध.प. श्री महेन्द्र कुमार जैन, ओबेदुल्लागंज (रायसेन) म.प्र.।**
17. **श्री नाभिकुमार जैन, जैन बुक डिपो, सी-4, पी.वी.आर. प्लाजा के पीछे, कनॅट प्लेस, नई दिल्ली।**

परम संरक्षक

1. **श्री माँगीलाल बाबूलाल पहाड़े, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।**
2. **डॉ. प्रकाशचन्द्र जैन, 792 विवेकानंदपुरी, सिविल लाइन, सीतापुर (उ.प्र.)।**
3. **श्री सुमत प्रकाश जैन, गज्जू कटरा, शाहदरा, दिल्ली।**
4. **श्री सुनील कुमार जैन, द्वारा-सुनील टैक्सटाईल्स, सरधना (मेरठ) उ.प्र.।**
5. **स्व. श्री प्रकाश चंद अमोलक चंद जैन सर्राफ, सनावद (म.प्र.)।**

6. श्री प्रद्युम्न कुमार जवेरी, रोकड़ियालेन, बोरीवली (वेस्ट) मुंबई।
7. श्रीमती उर्मिला देवी ध.प. श्री कान्ती प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
8. श्रीमती उषा जैन ध.प. श्री विमल प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
9. श्री आनन्द प्रकाश जैन (सौरम वाले) , गांधीनगर, दिल्ली।
10. श्रीमती सरिता जैन ध.प. श्री राजकुमार जैन, किदवई नगर, कानपुर।
11. स्व. श्रीमती कैलाशवती ध.प. श्री कैलाश चन्द्र जैन , तोपखाना बाजार, मेरठ।
12. श्री भानेन्द्र कुमार जैन, द्वारा-श्री विद्या जैन, भगत सिंह मार्ग, जयपुर।
13. श्री प्रदीप कुमार शान्तिलाल बिलाला, अनूपनगर, इंदौर, (म.प्र.)।
14. श्री सुरेशचंद पवन कुमार जैन, बाराबंकी (उ.प्र.)।
15. श्री नथमल पारसमल जैन, कलकत्ता-7।
16. श्रीमती स्व. शांताबाई ध.प. श्री कमलचंद जैन, सनावद (म.प्र.)।
17. श्री रूपचंद जैन कटारिया, दिल्ली
18. श्री आशु जैन, कालका जी, नई दिल्ली
19. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन छोटी सा., श्री अमरचंद जैन, टिकैतनगर (उ.प्र.)।
20. श्रीमती शशि जैन ध.प. श्री दिनेशचंद जैन, शिवालिक नगर, हरिद्वार (उत्तराखंड)।

संरक्षक

1. स्व. श्री अनन्तवीर्य जैन एवं स्व. श्रीमती आदर्श जैन के सुपुत्र श्री मनोज कुमार जैन, मेरठ।
2. श्रीमती राजूबाई मातेश्वरी श्री शिखर चन्द भाई देवेन्द्र कुमार लखमी चन्द जैन, सनावद (म.प्र.)।
3. श्री चिमनलाल चुन्नीलाल दोशी, कीका स्ट्रीट, मुम्बई।
4. श्रीमती अरुणाबेन मन्नूभाई कोटड़िया, सी.पी. टैंक रोड, मुम्बई।
5. श्रीमती ताराबेन चन्दूलाल दोशी, फ्रेन्च ब्रिज, मुम्बई।
6. श्री रतिलाल चुन्नीलाल दोशी, मुम्बई।
7. स्व. श्रीमती मथुराबाई खुशाल चन्द्र जैन, द्वारा-श्री रतन चन्द खुशाल चन्द्र गाँधी के सुपुत्र श्री धन्य कुमार, अशोक कुमार, शिरीश कुमार, धर्मराज गाँधी फलटन (महा.)।
8. श्री शांतिलाल खुशाल चन्द गाँधी, फलटन (सातारा) महा.।
9. श्री अनन्त लाल फूलचन्द फड़े, अकलूज (सोलापुर) महा.।
10. श्री हीरालाल माणिकलाल गाँधी, अकलूज (सोलापुर) महा.।
11. श्री जयकुमार खुशालचंद गाँधी, अकलूज (सोलापुर) महा.।
12. श्रीमती बदामी देवी मातेश्वरी श्री पदम कुमार जैन गंगवाल, कानपुर (उ.प्र.)।
13. श्रीमती कमलादेवी ध.प. स्व. श्री महेन्द्र कुमार जैन, घण्टे वाले हलवाई, दरियागंजनई दिल्ली।
14. श्रीमती उषादेवी ध.प. श्री श्रवण कुमार जैन, चावड़ी बाजार, दिल्ली।
15. श्री मुकेश कुमार जैन, कटरा शहंशाही, चाँदनी चौक, दिल्ली।
16. श्री हुकमीचंद मांगीलाल शाह, धानमंडी, उदयपुर (राज.)
17. श्री किरण चन्द्र जैन, कटरा धूलियान, चाँदनी चौक, दिल्ली।

18. श्रीमती विमलादेवी ध.प. श्री महावीर प्रसाद जैन इंजी. विवेक विहार, दिल्ली
19. श्रीमती उषादेवी ध.प. श्री अशोक कुमार जैन (खेकड़ा निवासी), बहराइच (उ.प्र.)।
20. श्रीमती लीलावती ध.प. श्री हरीश चन्द्र जैन, शकरपुर, दिल्ली।
21. श्री दुलीचन्द जैन, बाहुबली एन्कलेव, दिल्ली।
22. श्री रतिलाल केवलचन्द गाँधी की पुण्य स्मृति में, पापुलर परिवार, सूरत (गुज.)।
23. श्रीमती भंवरीदेवी ध.प. श्री सदासुख जैन पांड्या की समृति में इन्दर चन्द सुमेरमल जैन पांड्या, शिलांग (मेघालय)।
24. श्रीमती सोहनीदेवी ध.प. श्री तनसुखराय सेठी, फैन्सी बाजार, गौहाटी (आसाम)।
25. श्रीमती धापूबाई ध.प. श्री कस्तूर चन्द जैन, रामगंज मण्डी (राज.)।
26. श्री मिट्ठनलाल चन्द्रभान जैन, कविनगर गाजियाबाद (उ.प्र.)।
27. श्रीमती शकुन्तलादेवी ध.प. श्री सुरेशचंद जैन (बर्तन वाले), खुड़बुड़ा मोहल्लकदेहरादून (उ.प्र.)।
28. श्री देवेन्द्र कुमार गुणवन्त कुमार टोंग्या, बड़नगर (म.प्र.)।
29. श्री दिगम्बर जैन समाज, तहसील फतेहपुर (बाराबंकी) उ.प्र.।
30. श्री मन्नालाल रामलाल जैन डूंगरवाला, भानपुरा (मन्दसौर) म.प्र.।
31. श्री इन्दर चन्द कैलाश चंद चौधरी, सनावद (म.प्र.)।
32. स्व. श्री प्रकाश चन्द अमोलक चन्द जैन सर्राफ, सनावद (म.प्र.)।
33. स्व. श्री विमल चन्द जैन, रखबचन्द दसरथ सा, सनावद (म.प्र.)।
34. श्री आजाद कुमार जैन शाह (सनावद वाले), इन्दौर (म.प्र.)।
35. श्रीमती सुषमा जैन ध.प. श्री राकेश कुमार जैन, मवाना (मेरठ) उ.प्र.।
36. श्रीमती कुसुम जैन ध.प. श्री रमेशचन्द जैन, किशनपुरी, बागपत रोड, मेरठ।
37. श्रीमती किरण जैन ध.प. श्री पदम प्रसाद जैन एडवोकेट, मेरठ (उ.प्र.)।
38. श्रीमती विमलादेवी ध.प. श्री जिनेन्द्रप्रसाद जैन ठेकेदार, टोडरमल रोड, नई दिल्ली।
39. श्रीमती क्षमादेवी जैन, मधुबन, दिल्ली।
40. श्रीमती कमलादेवी ध.प. श्री राजेन्द्र कुमार जैन टोडरका, ठाणे (महा.)।
41. श्री अजित प्रसाद जैन बब्बेजी, श्री राजकुमार श्रवण कुमार जैन, लखनऊ।
42. श्री प्रभा चन्द गोधा, 45 भगत वाटिका, सिविल लाइन, जयपुर-6 (राज.)।
43. श्री गोपीचन्द विपिन कुमार जैन, सरधना टैन्ट हाउस, गंजमंडी, सरधना।
44. श्रीमती रतनसुन्दरी देवी ध.प. श्री वीरचन्द जैन (चिकन वाले), चूड़ीवाली गलीनीक बाजार, लखनऊ।
45. डॉ. सुभाषचन्द जैन, रातानाड़ा क्लीनिक, रातानाड़ा बाजार, जोधपुर (राज.)।
46. श्री प्रमोद कुमार जैन (मुजफ्फरनगर वाले) 35 एच.वी.रोड, न्यू मार्केट, थरपकनाग़ांची (बिहार)।
47. श्री विजेन्द्र कुमार जैन, के.-1/20 मॉडल टाउन, दिल्ली।
48. श्री कैलाश चंद जैन, 45 भगत वाटिका, सिविल लाइन, जयपुर (राज.)।
49. श्री सुभाषचंद जैन, श्री दि. जैन पार्श्वनाथ चैत्यालय, 405 डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली।
50. श्री सुभाष चन्द जैन सर्राफ, टिकैतनगर (बाराबंकी) उ.प्र.।
51. श्री चन्द्रसेन जैन, द्वारा-सुमेरचन्द, चन्द्रसेन जैन, सब्जी मण्डी, नहटौर (बिजनौर)।

52. श्री सुधीर कुमार जैन जे.ई., नन्द किशोर जैन, शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर।
53. श्री सुकुमालचंद जैन, मोती ट्रेडिंग कम्पनी, टी.आर. फुकन रोड, फैन्सी बाजार, गौहाटी।
54. श्री अनिल पुलकित सेठी, बी 1/122, फेज-2, अशोक विहार, दिल्ली-110052।
55. श्री चन्द्रमोहन बंसल, 11, पूसा रोड, करोलबाग, नई दिल्ली-5।
56. श्री गिरधर प्रसाद आमोद प्रसाद जैन, जैन वस्त्रालय, काली मार्केट, सिवान (बिहार)।
57. श्री सतीश चन्द जैन, 31 सिविल लाइन, म.नं.-10, सेक्टर-2, टाइप-5 झांसी।
58. श्री स्वरूप चन्द कासलीवाल, नया बाजार, अजमेर (राज.)।
59. श्री हुलास चन्द सेठी, अयोध्या शुगर मिल्स, राजा का सहसपुर, बिलारी (उ.प्र.)।
60. श्रीमती किरण देवी जैन ध.प. श्री नरेन्द्र कुमार जैन, सिविल लाइन, सीतापुर (उ.प्र.)।
61. श्रीमती संतोष जैन ध.प. श्री प्रवीण कुमार जैन, बाराबंकी (उ.प्र.)।
62. श्री सूरजमल पुत्र श्री विनीत कुमार जैन, मोहल्ला गंजकटरा पूरणटरा पूरणजाट, जैन विला, मुरादाबाद (उ.प्र.)।
63. स्व. श्री शिखर चन्द जैन, 'टिम्बर कमीशन एजेन्ट', शंकरगंज, हापुड़ (उ.प्र.)।
64. श्रीमती राजेश्वरी जैन मातेश्वरी श्री राकेश जैन 31, सिविल लाईन, सीतापुर।
65. श्री राजकुमार जैन, मैसर्स रविदत्त प्रेमचन्द जैन बारदाने वाले, श्यामगंज, बरेली।
66. श्री बलवीर जैन, द्वारा-जानकी एक्सटेंशन रिफाइनरी, गाँधीगंज, शाहजहाँपुर।
67. श्री पन्नालाल सेठी, डीमापुर (नागालैंड)।
68. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन, ईदगाह कालोनी, आगरा (उ.प्र.)।
69. श्री पोखपाल जैन, द्वारा-नावेल्टी मेटल इंडिया, मानसिंह गेट, अलीगढ़ (उ.प्र.)।
70. श्रीमती रश्मि जैन ध.प. श्री विजय कुमार जैन, दरियागंज, नई दिल्ली।
71. श्रीमती विमला देवी ध.प. श्री प्रमोद कुमार जैन इंजी., शाहजहाँपुर (उ.प्र.)।
72. स्व. श्रीमती कैलाशवती जैन ध.प. श्री कैलाश चन्द जैन इंजी., तोपखाना बाजार, मेरठ।
73. श्रीमती अरुण कुमार नांद्रेकर ध.प. भाऊ साहेब नांद्रेकर, मुलुन्ड (वेस्ट) मुम्बई।
74. श्री भागचन्द मनीष कुमार ठोलिया, द्वारा-किरन एजेंसी, पो. बुरहानपुर, (म.प्र.)।
75. श्री कैलाशचन्द राजकुमार जैन रावंका, पो. बिसवां (सीतापुर) उ.प्र.।
76. श्रीमती विद्यावती जैन, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली।
77. श्री आनन्द प्रकाश जैन (सौरम वाले) एवं सुपुत्र श्री मदन कुमार, प्रदीप कुमार एवं प्रवीण कुमार जैन, धर्मपुरा, गाँधीनगर, दिल्ली।
78. श्रीमती अरुणा जैन, ध.प. प्रवीन्द्र कुमार जैन, प्रीतमपुरा, दिल्ली।
79. श्रीमती पुष्पादेवी, ध.प. महेन्द्र कुमार जैन, पुष्पांजली एन्क्लेव, दिल्ली।
80. श्री बाबूलाल तोताराम जैन, भुसावल (महा.)।
81. डॉ. अनुपम जैन, सुदामा नगर, इंदौर (म.प्र.)।
82. श्री विनय कुमार जैन, ज्वैलर्स, दरीबाकलां, दिल्ली।
83. स्व. श्री आनन्द प्रकाश जैन 'शान्तिप्रिय', जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.।
84. श्रीमती राजुलबाई ध.प. श्री नेमीचन्द जैन लोहाड़े, पो. कोपरगाँव (महा.)।

85. श्री धन्नालाल गोधा, मल्हारगंज, इंदौर (म.प्र.)।
86. श्री सुनील कुमार मनोज कुमार जैन, झिलमिल कालोनी, दिल्ली।
87. श्रीमती आशा जैन ध.प. श्री राजेश कुमार जैन बरुआ सागर (उ.प्र.)।
88. श्री पारसमल डूंगरमल जी पाटनी पो. मेड़तासिटी, नागौर (राजस्थान)।
89. श्री अनिल कुमार जैन (गुड़गांव वाले) प्रियदर्शनी विहार, दिल्ली-92।
90. श्रीमती कृष्णा बाई नेमीनाथ जैन, पी. वाले, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
91. श्रीमती मंजूलता जैन ध.प. श्री प्रभात चन्द गोधा, नया बाजार, अजमेर (राज.)।
92. श्री प्रमोद कुमार जैन, पारस प्रिन्टर्स, शाहदरा-दिल्ली।
93. श्री चांदमल अनिल कुमार सरावगी, किशनगंज (बिहार)।
94. कुमारी अदिती सुपुत्री श्री अपोलो जी जैन सौगानी, इंदौर।
95. श्रीमती मंजूलता ध.प. प्रभाचन्द गोधा-नया बाजार, अजमेर।
96. श्री सुचेन्द्र कुमार शैलेन्द्र कुमार जैन, डाल्टनगंज (झारखंड)।
97. श्रीमती जतनदेवी लक्ष्मीचंद जैन, चेन्नई (तमिलनाडु)।
98. श्रीमती सखाई जैन ध.प. श्री जीतमल जैन, मड़ाना (कोटा) राज.।
99. श्री मोहित जैन पुत्र मुकेश जैन, जगन्नाथ जैन पहाड़िया, फतेहपुर (शेखावटी) राज.।
100. श्री नरेश जैन बंसल, गुड़गाँवा (हरि.)।
101. श्रीमती रतनबाई ध.प. राजेन्द्र प्रकाश कोठिया, कोटा (राज.)।
102. श्रीमती संतोष जैन ध.प. श्री अजीत कुमार जैन, भिवाड़ी (राज.)।
103. श्रीमती प्रेमलता जैन ध.प. श्री सुशील कुमार जैन, मलाड़ (मुम्बई)।
104. श्री राजेन्द्र कुमार पंचौलिया, इंदौर (म.प्र.)।
105. स्व. श्री मोहनलाल हेमचंद गांधी, सतारा (महा.)।
106. श्रीमती आरती जैन ध.प. श्री प्रकाशचंद जैन 'शीशे वाले', इलाहाबाद (उ.प्र.)
107. डॉ. विमला जैन ''विमल'' ध.प. श्री प्रकाशचंद जैन, फिरोजाबाद (उ.प्र.)

विधान की सामग्री

(यहाँ मात्र सामग्री के नाम दिए गए हैं, मात्रा अपनी आवश्यकतानुसार ले लेवें)

1. श्रीफल – लगभग 200 (श्रीफल, हरे फल अथवा बादाम, सुपारी आदि जो भी चीज चढ़ाना चाहें)
2. चावल
3. बादाम
4. लौंग
5. गोला
6. हल्दी गाँठ
7. गोल सुपारी
8. पीली सरसों
9. कलावा
10. केसर
11. कपूर
12. एक-एक रुपये के पाँच सिक्के
13. यज्ञोपवीत
14. हार, मुकुट
15. रंगोली के रंग (पाँच प्रकार के)
16. मंडल के लिए तख्त (4×4 फुट)
17. तखत पर बांधने का कपड़ा (पीला या सफेद) 6×6 फुट
18. 5 कलश-5 नारियल

नवदेवता मण्डल विधान का नक्शा



विषय-सूची

क्र.सं.	पूजा	पृष्ठ संख्या
1.	नवदेवता पूजन (समुच्चय)	3
2.	जम्बूद्वीप संबंधि नवदेवता पूजा	8
3.	पूर्व धातकीखण्डद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा	22
4.	पश्चिम धातकीखण्डद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा	36
5.	पूर्व पुष्करार्धद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा	50
6.	पश्चिम पुष्करार्धद्वीपसंबंधि नवदेवता पूजा	64-88

नवदेवता वंदना

–दोहा–

सिद्धि हेतु नव देवता, शत इन्द्रों से वंद्य।
नमूँ-नमूँ नित भक्ति से, पाऊँ सौख्य अनिंद्य।।1।।

छ्यालिस गुण को धारते, समवसरण के नाथ।
इन्द्रवंद्य अरिहंत को, नमूँ नमाकर माथ।।2।।

अष्टकर्म को नष्ट कर, अष्टगुणान्वित सिद्ध।
लोकशिखर पर राजते, वंदत सर्वसमृद्धि।।3।।

छत्तिस गुण को धारते, श्री आचार्य प्रधान।
उनके श्री चरणों नमूँ, बनूँ स्वात्म गुणवान।।4।।

अंग पूर्वज्ञानी महा, उपाध्याय गुरुदेव।
गुण पचीस को धारते, करूँ चरण की सेव।।5।।

अट्ठाइस गुणमणि धरें, साधु साधनालीन।
नग्न दिगम्बर मुनि नमूँ, बनूँ स्वात्म आधीन।।6।।

रत्नत्रयमय धर्म है, जीवदयामय धर्म।
नमूँ-नमूँ नित भाव से, पाऊँ शिवपद शर्म।।7।।

श्री जिनवाणी भारती, द्वादशांग अभिराम।
वंदन करते स्वात्मनिधि, मिले स्वात्म विश्राम।।8।।

जिनप्रतिमा जिनसारखी, सब कुछ देन समर्थ।
कृत्रिम अकृत्रिम सभी, नमूँ मिले सर्वार्थ।।9।।

जिनगृह संख्यातीत हैं, शाश्वत त्रिभुवन मान्य।
कृत्रिम कहें अनंत[1] भी, नमत मिले सुख साम्य।।10।।

जो वंदें नव देवता, त्रिकरणशुचि त्रयकाल।
वे पावें नवलब्धियाँ, होवें मालामाल।।11।।

अथ नवदेवता पूजाप्रतिज्ञापनाय मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

1. तीन काल की अपेक्षा कृत्रिम मंदिर अनन्त हो जाते हैं।

(पूजा नं.-1)

नवदेवता पूजन

(समुच्चय)

–गीता छन्द –

अरिहंत सिद्धाचार्य पाठक, साधु त्रिभुवन वंद्य हैं।
जिनधर्म जिनआगम जिनेश्वर, मूर्ति जिनगृह वंद्य हैं।।
नव देवता ये मान्य जग में, हम सदा अर्चा करें।
आह्वान कर थापें यहाँ, मन में अतुल श्रद्धा धरें।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधीकरणं।

–अथाष्टक –

गंगानदी का नीर निर्मल, बाह्य मल धोवे सदा।
अंतर मलों के क्षालने को, नीर से पूजूँ मुदा।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर मिश्रित गंध चंदन, देह ताप निवारता।
तुम पाद पंकज पूजते, मन ताप तुरतहिं वारता।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीरोदधी के फेन सम सित, तंदुलों को लायके।
उत्तम अखंडित सौख्य हेतू, पुंज नवसु चढ़ायके।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पा चमेली केवड़ा, नाना सुगन्धित ले लिये।
भव के विजेता आपको, पूजत सुमन अर्पण किये।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पायस मधुर पकवान मोदक, आदि को भर थाल में।
निज आत्म अमृत सौख्य हेतू, पूजहूँ नत भाल मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर ज्योती जगमगे, दीपक लिया निज हाथ में।
तुम आरती तम वारती, पाऊँ सुज्ञान प्रकाश मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंधधूप अनूप सुरभित, अग्नि में खेऊँ सदा।
निज आत्मगुण सौरभ उठे, हों कर्म सब मुझसे विदा।।

नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगूर अमरख आम्र अमृत, फल भराऊँ थाल में।
उत्तम अनूपम मोक्ष फल के, हेतु पूजूँ आज मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंध अक्षत पुष्प चरु, दीपक सुधूप फलार्घ्य ले।
वर रत्नत्रय निधि लाभ यह, बस अर्घ्य से पूजत मिले।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–दोहा–

जलधारा से नित्य मैं, जग की शांती हेत।
नवदेवों को पूजहूँ, श्रद्धा भक्ति समेत।।10।।

शांतये शांतिधारा।

नानाविध के सुमन ले, मन में बहु हरषाय।
मैं पूजूँ नव देवता, पुष्पांजली चढ़ाय।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य – **ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागम जिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः।** (9, 27 या 108 बार)

जयमाला

–सोरठा–

चिच्चिंतामणिरत्न, तीन लोक में श्रेष्ठ हो।
गाऊँ गुणमणिमाल, जयवंते वर्तो सदा।।1।।

(चाल-हे दीनबन्धु श्रीपति.....)

जय जय श्री अरिहंत देव देव हमारे।
जय घातिया को घात सकल जंतु उबारे।।
जय जय प्रसिद्ध सिद्ध की मैं वंदना करूँ।
जय अष्ट कर्ममुक्त की मैं अर्चना करूँ।।2।।

आचार्य देव गुण छत्तीस धार रहे हैं।
दीक्षादि दे असंख्य भव्य तार रहे हैं।।
जैवंत उपाध्याय गुरु ज्ञान के धनी।
सन्मार्ग के उपदेश की वर्षा करें घनी।।3।।

जय साधु अठाईस गुणों को धरें सदा।
निज आत्मा की साधना से च्युत न हों कदा।।
ये पंचपरमदेव सदा वंद्य हमारे।
संसार विषम सिंधु से हमको भी उबारें।।4।।

जिनधर्म चक्र सर्वदा चलता ही रहेगा।
जो इसकी शरण ले वो सुलझता ही रहेगा।।
जिन की ध्वनि पीयूष का जो पान करेंगे।
भव रोग दूर कर वे मुक्ति कांत बनेंगे।।5।।

जिन चैत्य की जो वंदना त्रिकाल करे हैं।
वे चित्स्वरूप नित्य आत्म लाभ करे हैं।।
कृत्रिम व अकृत्रिम जिनालयों को जो भजें।
वे कर्मशत्रु जीत शिवालय में जा बसें।।6।।

नव देवताओं की जो नित आराधना करें।
वे मृत्युराज की भी तो विराधना करें।।
मैं कर्मशत्रु जीतने के हेतु ही जजूँ।
सम्पूर्ण ''ज्ञानमती'' सिद्धि हेतु ही भजूँ।।7।।

–दोहा –

नवदेवों को भक्तिवश, कोटि-कोटि प्रणाम।
भक्ती का फल मैं चहूँ, निजपद में विश्राम।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं.....।

शांतये शांतिधारा, दिव्य पुष्पांजलिः।

–गीता छंद –

जो भव्य श्रद्धाभक्ति से, नवदेवता पूजा करें।
वे सब अमंगल दोष हर, सुख शांति में झूला करें।।
नवनिधि अतुल भंडार ले, फिर मोक्ष सुख भी पावते।
सुखसिंधु में हो मग्न फिर, यहाँ पर कभी न आवते।।9।।

।। इत्याशीर्वादः ।।

(पूजा नं.-2)

जम्बूद्वीपसम्बन्धि नवदेवता पूजा

–अथ स्थापना (गीता छंद) –

इस प्रथम जम्बूद्वीप में, सब कर्मभू चौंतीस हैं।
अरिहंत सिद्धाचार्य पाठक, साधु यहाँ जगदीश हैं।।
जिनधर्म जिनआगम जिनेश्वर-बिम्ब जिनमंदिर यहाँ।
पूजूँ इन्हें आह्वान कर, त्रयरत्ननिधि मिलती यहाँ।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानं

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं स्थापनं।

–अथ अष्टक (नरेन्द्र छन्द) –

सरयू नदि का शीतल जल ले, जिनपद धार करूँ मैं।
साम्य सुधारस शीतल पीकर, भव-भव त्रास हरूँ मैं।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

काश्मीरी केशर चंदन घिस, जिनपद में चर्चूं मैं।
मानस-तनु-आगन्तुक त्रयविध, ताप हरो अर्चूं मैं।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।2।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मोती सम उज्ज्वल अक्षत ले, प्रभु नव पुंज चढ़ाऊँ।
निज गुणमणि को प्रगटित करके, फेर न भव में आऊँ।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।3।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यअक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जुही मोगरा सेवंती, बासंती पुष्प चढ़ाऊँ।
कामदेव को भस्मसात् कर, आतम सौख्य बढ़ाऊँ।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।4।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यकामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर फेनी लड्डू पेड़ा, रसगुल्ला भर थाली।
तुम्हें चढ़ाऊँ क्षुधा नाश हो, भरें मनोरथ खाली।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।5।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यक्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वर्णदीप में ज्योति जलाऊँ, करूँ आरती रुचि से।
मोह अंधेरा दूर भगे सब, ज्ञान भारती प्रगटे।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।6।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांगी अग्निपात्र में, खेवत उठे सुगंधी।
कर्म जलें सब सौख्य प्रगट हो, फैले सुयश सुगंधी।।

कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।7।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यअष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

आड़ू लीची सेव संतरा, आम अनार चढ़ाऊँ।
सरस मधुर फल पाने हेतू, शत-शत शीश झुकाऊँ।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।8।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यमोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधादिक अर्घ्य बनाकर, सुवरण पुष्प मिलाऊँ।
भक्तिभाव से गीत-नृत्य कर, प्रभु को अर्घ्य चढ़ाऊँ।।
कर्मभूमि के नवदेवों को, पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के, सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।9।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा – **यमुना सरिता नीर, प्रभु चरणों धारा करूँ।**
मिले निजात्म समीर, शांतीधारा शं करे।।

शांतये शांतिधारा।

सुरभित खिले सरोज, जिन चरणों अर्पण करूँ।
निर्मद करूँ मनोज, पाऊँ निज गुण संपदा।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

–दोहा–

पहले जम्बूद्वीप में, कर्मभूमि चहुँ दिक्क।
नव देवों को नित जजूँ, पुष्पाञ्जलि कर नित्य।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

–शंभु छंद–

मेरू पर्वत के पूरब में, वन भद्रशाल की वेदी है।
उस निकट देश 'कच्छा' विदेह, नदि पर्वत से छह भेदी है।।
मधि आर्यखण्ड में तीर्थंकर, मुनिगण नित विहरण करते हैं।
नव देव वहाँ पर नित्य रहें, पूजत ही नव निधि भरते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर देश 'सुकच्छा' छह खण्ड में, शुभ आर्यखण्ड सुर मन मोहे।
वहाँ जिनवर मुनिगण नित विहरें, जिनधर्म जिनागम नित होहैं।।
नरपति मानव जिनवरमूर्ती, जिनमंदिर नित बनवाते हैं।
हम पूजें इन नव देवों को, ये नवनिधि रिद्धि दिलाते हैं।।2।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहसुकच्छादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'महाकच्छा' छहखण्ड, उसमें आरजखण्ड शोभ रहा।
जिनवर के समवसरण दिखते, साधूगण से मन मोह रहा।।
जिनधर्म प्रवर्ते जिनवाणी, जिनमंदिर जिनप्रतिमायें हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये निज संपत्ति दिलाये हैं।।3।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहमहाकच्छादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'कच्छकावती' दिपे, आरजखण्ड में तीर्थंकर हों।
श्री पंच परमगुरु पूज्य वहाँ, जिनधर्म जिनागम हितकर हों।।
जिनचैत्य जिनालय रत्नों के, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।4।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छकावतीदेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'आवर्ता' देश अधिक सुन्दर, वहाँ शाश्वत कर्मभूमि रहती।
वर आर्यखण्ड में तीर्थंकर, मुनिगण से पूज्य दुःख हरती।।

जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।5।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहआवर्तादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है देश 'लांगलावर्ता' शुभ, उस मध्य आर्यखण्ड शोभे है।
वहाँ पर केवलि श्रुतकेवलि मुनि, जिनधर्म जिनागम शोभे हैं।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।6।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहलांगलावर्तादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'पुष्कला' छह खण्डों में, आर्यखण्ड अतिप्यारा है।
तीर्थंकर आदि महापुरुषों से, पूज्य सतत सुखकारा है।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।7।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहपुष्कलादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'पुष्कलावती' सुखद, उस आर्यखण्ड में धर्म दिपे।
तीर्थंकर केवलि विहरण नित, करते रहते निज कर्म खिपें।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।8।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहपुष्कलावतीदेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सीतानदि के दक्षिण दिश में, 'वत्सा' विदेह कहलाता है।
इसके मधि आर्यखण्ड सुन्दर, नित धर्मसुधा बरसाता है।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।9।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहवत्सादेशस्थित आर्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यहाँ देश 'सुवत्सा' पूरब में, छह खण्ड मध्य आरज खण्ड है।
तीर्थंकर केवलि मुनि विहरें, जिनधर्म जिनागम संतत हैं।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।10।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेह सुवत्सादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यहाँ देश 'महावत्सा' विदेह, चौथा ही काल सतत वर्ते।
तीर्थंकर विहरें ऋद्धि धारि, मुनिगण हैं भवि जिनवर अर्चें।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।11।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेह महावत्सादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यहाँ देश 'वत्सकावती' मध्य, शुभ आर्यखण्ड जन मन मोहे।
जिनवर गणधर मुनिगण विहरें, दर्शन से पाप खण्ड होहैं।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।12।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहवत्सकावतीदेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है 'रम्या' देश विदेह रम्य, छह खण्ड में आर्यखण्ड सुन्दर।
केवलि चारण ऋद्धी मुनिगण, नित विहरें भक्ति करें सुर नर।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।13।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहरम्यादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर देश 'सुरम्या' पूरब में, इक आर्य खण्ड में कर्मभूमि।
तीर्थंकर मुनिगण नित होते, भवि प्राप्त करें नित मुक्ति भूमि।।

जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहसुरम्यादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रमणीया' देश विदेह वहाँ, शाश्वत ही कर्मभूमि रहती।
तीर्थंकर साधूगण होते, नहिं ईति भीति वहाँ हो सकती।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।15।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहरमणीयादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीदेह 'मंगलावती' देश, वहाँ पूर्वकोटि उत्तम है आयु।
जिनवर मुनिगण से पावन भू , पण शतक धनू ऊँची है काय[1]।।
जिन चैत्य जिनालय अतिसुन्दर, सुरनर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ्य चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।16।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पूर्वविदेहमंगलावतीदेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

– शेर छंद–

पश्चिम विदेह भद्रशाल वेदि के निकट ।
'पद्मा' विदेह देश है आर्य से प्रगट।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।17।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहपद्मादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिमविदेह देश 'सुपद्मा' सुमान्य है।
इस आर्यखण्ड में जिनेश विद्यमान हैं।।

---

1. काया – शरीर।

तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।18।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहसुपद्मादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीदेह ''महापद्मा'' के आर्यखण्ड में।
नव देव देव रहते मुनिवंद्य विश्व में।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।19।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहमहापद्मादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर ''पद्मकावती'' विदेह आर्यखण्ड में।
सुरवृंद से भि पूज्य पुण्य नर वहाँ जन्में।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।20।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहपद्मकावतीदेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

''शंखा'' विदेह देश में सम्यक्त्व का झरना।
जिनदेवदेव की वहाँ लेते सभी शरना।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।21।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहशंखादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

''नलिना'' विदेह देश में पाखण्ड ना दिखे।
भविजन सदा जिनदेवदेव रूप को निरखें।।

तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।22।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहनलिनादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

''कुमुदा'' विदेह देश में श्रावक सदा रहें।
पूजा व दान-शील व उपवासरत रहें।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।23।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहकुमुदादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिमविदेह ''सरित'' देश खण्ड छह वहाँ।
मधि आर्यखण्ड में भविक जिनभक्त हैं वहाँ।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।24।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहसरितादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

''वप्रा'' विदेह देश में जिन अर्चना सदा।
सुरगण भी वहाँ आयके उत्सव करें मुदा।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।25।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहवप्रादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम विदेह देश''सुवप्रा'' सुशोभता।
छह खण्ड मध्य आर्यखण्ड चित्त मोहता।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।26।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहसुवप्रादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विदेह ''महावप्रा'' के आर्यखण्ड में।
नित जैनधर्म वर्ते भवि कर्म को हनें।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।27।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहमहावप्रादेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'वप्रकावती' विदेह आर्यखण्ड में।
मिथ्यात्व वेषधारी नहिं एक भी उनमें।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।28।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि पश्चिमविदेहवप्रकावतीदेशस्थितार्यखण्डे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधा' विदेह देश में छह खण्ड शोभते।
नित आर्यखण्ड में वहाँ मुनि कर्म धोवते।।
तीर्थेश आदि पंच गुरू नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भी वहाँ हैं।।29।।

